an>

Title: Need to prvodie electrical accessories free of cost to the poor farmers in the country.

श्रीमती रेखा वर्मा (धौरहरा) : महोदया, हमारा देश एक कृषि प्रधान देश है जहां पर किसान खेत की सिंचाई हेतु विद्युत कनेक्शन लेना चाहता है, परंतु उसके लिए तार, खंबा, इंसुलेटर, ट्रांसफार्मर आदि का पैसा किसान से लिया जाता है, जिसे नःशुल्क दिया जाना चाहिए। इन सब में किसान को लगभग पचास हज़ार से एक लाख रूपये तक की धनराशि को खर्च करना पड़ता है। किसानों को इतना धन इकट्ठा करने में बहुत सी दिक्कतें आती हैं। जिससे वह कनेक्शन नहीं ले पाता है और समय से फसल को पानी न मिलने से फसल की पैदावार काफी कम हो जाती है और भारतीय अर्थव्यवस्था को काफी नुकसान होता है।

13.00 hrs.